तापमान
अधिकतम 25 .5 डिग्री
न्यूनतम 5 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 27 नवंबर 2025

12 भारत का संविधान देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने का काम करताः डा. बलियाला

12 सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम, सर्कल बनाने की मांग को लेकर लगाया जाम


*एक प्रभावशाली नेता के चहेते की करतूत, केस दर्ज कराने की तैयारी में डीटीपी*

# सत्ता के मुखोटे से कॉलोनियों का खेल निर्माण तोड़ने गए डीटीपी से अभद्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मकान तोड़ा तो खून खराबा हो जाएगा। नौकरी करना भूल जाओगे सारे। कुछ इसी तरह से डीटीपी टीम के सामने एक युवा खुलकर दबंगई दिखा रहा था। पुलिस मूकदर्शक बनी हुई तमाशा देख रही थी और युवक डीटीपी टीम के साथ हाथापाई करने तक पर उतारू हो रहा था। परिणाम यह हुआ कि डीटीपी की टीम को बिना कार्रवाई बैरंग लौटना पड़ा। घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो गया। कार्रवाई का विरोध करने वाला युवक कोई और नहीं, बल्कि भाजपा युवा मोर्चा का पदाधिकारी निखिल मांढैया है, जो वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है। निखिल मांढैया और उनके पिता सजन पहलवान दोनों केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के खास समर्थक माने जाते हैं। प्रदेश सरकार की ओर से नई विकसित होने वाली कॉलोनियों के प्रति सख्त रुख अपनाया हुआ है। अवैध कॉलोनियों के खिलाफ एक्शन लेने के आदेश जारी किए हुए हैं। डीटीपी मंदीप सिहाग बीते सोमवार को बावल रोड पर बिना अनुमति विकसित की जा रही एक कॉलोनी में तोड़फोड़ करने के लिए अपनी टीम के साथ पहुंचे थे। उसी समय निखिल मांढैया और उनकी मां भी वहां पहुंच गई। दोनों ने डीटीपी की कार्रवाई का जमकर विरोध करते हुए डीटीपी के साथ जमकर अभ्रदता करना शुरू कर दिया। बिना अनुमति बनाए गए मकान की एक ईंट भी तोड़ने पर खून खराबा होने और कई अधिकारियों की नौकरी चले जाने की चेतावनी दी। वहां मौजूद एक महिला ने भी टीम में शामिल अधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वायरल वीडियो में यह घटनाक्रम साफ तौर पर दिखाई दे रहा है, जिसमें निखिल अधिकारियों पर बिना नोटिस दिए ही मकान तोड़ने की कार्रवाई करने के आरोप लगा रहे हैं। साथ ही वह तोड़फोड़ की कार्रवाई में भेदभाव के आरोप भी आरोप लगा रहे हैं। वह डीटीपी की ओर हाथापाई के लिए बढ़ते हुए भी नजर आ रहे हैं, वहां मौजूद पुलिसकर्मी उसका विरोध तक नहीं कर पा रहे। वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला राजनीतिक रंग भी ले सकता है। डीटीपी की ओर से कार्रवाई का विरोध करने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्णय भी लिया गया है।

### विरोधियों को मिलेगा घेरने का मौका

वायरल हो रहे वीडियो में निखिल का साफ तौर पर विवाद खड़ा करना विरोधियों के लिए 'हथियार' का काम कर सकता है। निखिल के राव इंद्रजीत सिंह का करीबी होने के कारण विरोधी इस मुद्दे को एक बार फिर से हाथों-हाथ ले सकते हैं। इससे पहले जब पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने भूमाफिया को राजनीतिक संरक्षण मिला होने के आरोप लगाए थे। उसके बाद ही केंद्रीय मंत्री की ओर से अधिकारियों को अवैध प्लॉटिंग पर बिना किसी दबाव के कार्रवाई करने का इशारा कर दिया था।



**तमाशबीन बनी रही पुलिस**

रेवाड़ी। डीटीपी की कार्रवाई का विरोध व नारेबाजी करते हुए युवक। फोटो : हरिभूमि

### राव की ओर से नहीं दी गई कोई छूट

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह अपने समर्थकों को कभी भी गलत कार्य करने की छूट नहीं देते। अवैध कॉलोनियां काटने के मामले में जब विपक्षी नेताओं की ओर से सवाल उठाए गए थे, तो उन्होंने खुद डीटीपी को तलब करते हुए ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने स्पष्ट किया था कि अगर कोई व्यक्ति अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करता है, तो डीटीपी बिना किसी भेदभाव के उसके खिलाफ कार्रवाई करें। इसके बाद राव ने डीसी को भी अवैध निर्माण करने वालों पर एक्शन लेने के निर्देश दिए थे।



### सीएम के सख्त रुख पर बढ़ा एक्शन

*पूर्व में सीएम नायब सिंह सैनी ने अवैध कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया था। सीएम के आदेशों के बाद डीटीपी की ओर से काफी समय से अवैध निर्माण तोड़ने की मुहिम शुरू की हुई है। कई अवैध कॉलोनियों को तोड़ने के लिए नोटिस दिए हुए हैं। अगर इसी तरह से सत्ता पक्ष से जुड़े लोग ही कार्रवाई का विरोध करेंगे, तो डीटीपी के लिए अवैध कॉलोनियों का निर्माण रोकना मुश्किल हो जाएगा। यह मामला पार्टी हाईकमान से लेकर सरकार तक तक पहुंच सकता है।*

### उच्चाधिकारियों के संज्ञान में मामला



मेरे साथ जमकर बदसलूकी की गई। पुलिस की ओर से भी मदद नहीं की गई। अवैध रूप से निर्माण करने वाले लोगों को किसी भी सूरत में छूट नहीं दी जा सकती। वायरल वीडियो के मामले में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। उच्चाधिकारियों को भी मामले से अवगत करा दिया गया है।
-मंदीप सिहाग, डीटीपी।

### मैं वकील होने के नाते वहां गया था



जिस मकान को तोड़ने के लिए डीटीपी की टीम गई थी, उस मकान पर कोर्ट से स्टे मिल गया था। वकील होने के नाते मकान मालिक के कहने पर मैं वहां गया था। डीटीपी स्टे की कॉपी दिखाने को कह रहे थे, लेकिन उस समय कॉपी मोबाइल में ही थी। बाद में हार्ड कॉपी भी आ गई थी। मेरा किसी अवैध कॉलोनी से कोई लेना-देना नहीं है। -निखिल मांढैया, युवा भाजपा नेता।

## खबर संक्षेप

### नशीला पदार्थ मुहैया कराने वाला काबू

**बावल।** पुलिस ने नशीला पदार्थ मुहैया कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत 23 नवंबर को पुलिस ने एक आरोपी को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसे नशीला पदार्थ राजस्थान के माजरा निवासी नरेश कुमार ने मुहैया कराया था। पुलिस ने आरोपी नरेश को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 18 नवंबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित पक्ष ने मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने महेंद्रगढ़ के रसूली निवासी आजाद और महेश को काबू कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बल पर रिहा कर दिया गया।

### हादसे के बाद फरार फरार चालक काबू

**बावल।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के बाद गत 19 नवंबर को आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच करते हुए पुलिस में राजस्थान के बस्तीपुर निवासी परवेज हाकिम को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### पोक्सो एक्ट का आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के मामले में लगभग एक साल से फरार चल रहे आरोपी को तफ्तीश में शामिल किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष पोक्सो एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। आरोपी केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद हाईकोर्ट के आदेशानुसार फारिग कर दिया। वारदात में प्रयुक्त आरोपी की स्कूटी को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

### कोर्ट से घोषित पीओ को किया काबू

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे मामले के दौरान लगातार अनुपस्थित रहने के कारण नूंह के पंचगांव निवासी सिराजुद्दीन को पीओ घोषित किया गया था। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पहले भी चोरी के कई मामले में दर्ज हैं। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में दर्ज मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर हवस का शिकार बनाने के आरोप में पीड़िता की शिकायत पर गत 16 जुलाई को एक गांव निवासी भरत सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

# सैनिक स्कूल में मनाया संविधान दिवस

- देश में हर साल 26 नवंबर को भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। देश में हर साल 26 नवंबर को भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या स्क्वॉड्रन लीडर वंदना चौधरी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व वरिष्ठ अध्यापक गजेंद्र सिंह चौहान भी उपस्थित थे। कैडेट्स व विद्यालय स्टाफ ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए भारत की संपूर्ण प्रभुता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र गणराज्य की गरिमा को बनाए रखने की शपथ ली। कैडेट गोविंद व कैडेट जतिन ने भारतीय संविधान की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर कार्यवाहक प्राचार्या चौधरी ने बताया कि भारत गणराज्य का संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। 26 नवंबर का दिन संविधान के महत्व का प्रसार करने और डा. भीमराव अंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं का प्रसार करने के लिए चुना गया था। उन्होंने भारतीय संविधान की महत्ता बताते हुए कैडेट्स को भारतीय संविधान की अक्षुण्णता को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की समग्र प्रभारी शिवानी यादव टीजीटी विज्ञान रही। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ व कर्मचारी उपस्थित थे।


रेवाड़ी। सैनिक स्कूल में संविधान की शपथ लेते कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

### अहरोद में अनुभूतियों के दीप का लोकार्पण व काव्य गोष्ठी 30 को

**कुंड।** कुमार विकास की ओर से रचित काव्य-संग्रह अनुभूतियों के दीप का लोकार्पण एवं काव्य-गोष्ठी का आयोजन 30 नवंबर को समारोह स्थल अहरोद में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार शिरकत करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में खोल खंड सरपंच संघ अध्यक्ष रविंद्र माजरा व कृष्ण डीपी मनेठी उपस्थित रहेंगे। समारोह कीअध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ओमपाल यादव करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सत्यवीर नाहड़िया उपस्थित रहेंगे। पुस्तक की समीक्षात्मक प्रस्तुति वरिष्ठ साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक नेमीचंद शांडिल्य द्वारा की जाएगी। इसके उपरांत क्षेत्र के प्रतिष्ठित एवं युवा कवि अपनी रचनाओं का मधुर काव्य-पाठ प्रस्तुत करेंगे।

# सीआईए ने नशा तस्करी के मामले में दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार

- पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सीआईए कोसली ने ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत नशा तस्करी के मामले में संलिप्त दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के जिला कोटपूतली-बहरोड़ के गांव माजरा निवासी नरेश कुमार उर्फ नरसी व दिल्ली के नांगलोई निवासी सन्नी के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी बड़ा तालाब रेवाड़ी निवासी जोरावर सिंह को 304 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी नरेश उर्फ नरसी व आरोपी सन्नी। फोटो : हरिभूमि

### नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का धंधा करता है आरोपी

सीआईए कोसली को गत 23 नवंबर को सूचना मिली कि जोरावर सिंह निवासी बड़ा तालाब हाल आबाद ढाणी अहीर झाबुआ रोड बावल नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का धंधा करता है। जोकि दिल्ली से काफी मात्रा में नशीला पदार्थ स्मैक लेकर आया है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी जोरावर सिंह को 304 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया था। सीआईए कोसली ने मामले में संलिप्त दो और आरोपी नरेश कुमार उर्फ नरसी व सन्नी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ पर सामने आया कि आरोपी जोरावर सन्नी पास से नशीला पदार्थ लेकर आता था तथा नरेश कुमार उर्फ नरशी जोरावर से नशीला पदार्थ से लेता था। पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है।

### जीके क्विज में संदीपनी सदन रहा विजेता


रेवाड़ी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** संविधान दिवस के अवसर पर डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन दिल्ली रोड में अंतर-सदनीय सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में संदीपनी सदन के प्रतिभागी अव्वल रहे। कक्षा आठवीं की रिद्धिमा, कक्षा सातवीं के अर्णव और कक्षा छठी के दक्ष चौहान ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने विजेताओं की सराहना की और उन्हें बधाई दी।

# इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी मामले में एक आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने अगस्त माह में वेबसाइट पर इन्वेस्टमेंट के नाम पर लगभग 2.55 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद ज्यूडिशियल कस्टडी के तहत जेल भेज दिया गया। बहाला निवासी नवीन कुमार ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसके पास टेलीग्राम पर 25 अगस्त को एक मैसेज आया था, जिसमें गोदरेज प्रॉपर्टी वेबसाइट पर निवेश करने के बदले मोटा पैसा कमाने का लालच दिया गया था। बाद में उसे टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया गया। उसने शुरूआत में 10 हजार रुपये बताए गए खाता नंबरों पर ट्रांसफर किए, तो उसके खाते में 14 हजार रुपये आ गए। उसे बाद में 10 हजार रुपये और इन्वेस्ट करने के लिए कहा। उसने 28 अगस्त को यह राशि भी ट्रांसफर कर दी। उसके खाते में माइनस 15359 रुपये दर्शाए गए। उसे बताया गया कि माइनस को खत्म करने के लिए यह राशि जमा करानी होगी। इसके बाद वह बार-बार पैसे ट्रांसफर करता रहा। उसके खाते में माइनस बैलेंस लगातार बढ़ता दर्शाया गया।



- कोर्ट में पेश करने के बाद ज्यूडिशियल कस्टडी के तहत जेल भेज दिया

### साइबर ठगों ने खुलवाया दूसरा खाता

*साइबर ठगों ने माइनस वाला खात बंद करने और नया खाता शुरू करने के लिए नवीन को नए खाता नंबर दिए। इन नंबरों पर भी उसने पैसे ट्रांसफर कर दिए। उसने कुल 255714 रुपये अलग-अगल खातों में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी उसे कोई पैसा वापस नहीं मिला, तो उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर 3 सितंबर को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।*

### आरोपी के खाते में गए थे तीस हजार

जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में फरीदाबाद के दयाल नगर निवासी माहेम्मद मोबिन को गिरफ्तार कर लिया। उसके बैंक खाते में ठगी की रकम के 30 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। आरोपी को कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया। साइबर थाना पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है।

**दिन का तापमान बढ़ने से कम हुआ एक्यूआई, अगले सप्ताह बूंदाबांदी की संभावना**

# रात का पारा गिरना शुरू, मौसम में आने लगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रात के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के बाद सुबह के समय सर्दी का असर बढ़ गया है। दिन का तापमान बढ़ने से प्रदूषण के स्तर में सुधार हुआ है। दिन के तापमान में वीरवार से कमी आने की संभावना है, जबकि बारिश के लिए दिसंबर के पहले सप्ताह तक इंतजार करना पड़ सकता है। नवंबर के शुरूआती दिनों को छोड़कर मौसम लगातार साफ बना हुआ है। बुधवार को भी सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप निकलने के बाद लोगों को सर्दी से काफी हद तक राहत मिली। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 25.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री तक कम चल रहे हैं, जिससे गत वर्ष की तुलना में इस बार सर्दी की शुरूआत काफी पहले हुई है। हवा में नमी का स्तर 60 फीसदी से ज्यादा बना हुआ है। राहत की बात यह है कि हवा की गति काफी कम यानि 3 किमी प्रति घंटा के आसपास बनी हुई है। तेज धूप के बावजूद लोगों को दिन के समय भी गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस होने लगी है। सुबह और शाम के समय ठंड का असर ज्यादा बना हुआ है, जबकि दोपहर के समय तेज धूप ठंड के असर को कम करने का काम कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार दिसंबर माह के पहले सप्ताह में मौसम में बदलाव आने की संभावना है। इस दौरान आसमान में बादल छाने के बाद हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। तापमान में अभी और कमी आने की संभावना है, जिससे दिसंबर के पहले सप्ताह में ही कड़ाके की ठंड कंपकंपी छुड़ाना शुरू कर देगी। कोहरे का असर भी जल्द देखने को मिल सकता है।



रेवाड़ी। प्रदूषण के कारण आसमान में छाई धुएं की चादर, एक खेत में लहलहाती सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### सुबह के समय धुएं की चादर

सुबह के समय तापमान में कमी और हवा में नमी का असर ज्यादा रहने से प्रदूषण का संकट बरकरार रहता है। सुबह के समय एक्यूआई बढ़ जाता है। दोपहर तक धूप निकलने के कारण एक्यूआई में काफी सुधार आ जाता है। बुधवार दोपहर बाद धारूहेड़ा का एक्यूआई 178 दर्ज किया गया। सुबह के समय यह 200 के पार पहुंच गया था। किसान इस समय बारिश का इंतजार कर रहे हैं। अगर जल्द बरसात होती है, तो इससे फसलों को अच्छा फायदा मिलेगा। दिसंबर के पहले सप्ताह में किसानों का इंतजार खत्म हो सकता है। अगर अच्छी बरसात होती है, तो किसानों को कुछ दिनों तक फसलों की सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी।

### आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान के तहत जागरूकता कैंप कल

**रेवाड़ी।** भारत सरकार वित मंत्रालय के वित सेवा प्रभाग की ओर से अक्टूबर से दिसंबर तिमाही के लिए विशेष अभियान आपकी पूंजी, आपका अधिकार की शुरूआत की गई है, जिसमें विभिन्न बैंकों एवं वितीय संस्थानों में बिना क्लेम की राशि को उनके खाताधारकों को दावा करने एवं उन्हें राशि वापस प्राप्त करने के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। अभियान के तहत 28 नवंबर को प्रातः 11 बजे अग्रवाल धर्मशाला में कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अमित वर्मा मुख्य अतिथि शिरकत करेंगें। अग्रणी जिला प्रबंधक राजीव रंजन ने बताया कि कैंप में जिले में कार्य कर रहे सभी बैंकों के जिला अधिकारी, नियंत्रक अधिकारी, मुख्य बीमा कंपनियों, म्यूच्यूअल फण्ड, पेंशन फण्ड विभागों के अधिकारी भाग लेंगे।

## खबर संक्षेप

### बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष को पितृशोक

**कनीना।** खंड के गांव अगिहार निवासी व बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शशि सोलंकी के पिता भारतीय थलसेना के पूर्व एनके मलखान सिंह 70 वर्ष के निधन पर बुधवार को कोर्ट के अधिवक्ताओं ने वर्क सस्पेंड रखा। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। बार सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। एसोसिएशन के प्रधान मंजीत यादव ने बताया कि सोलंकी के पिता कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, उन्होंने मंगलवार को अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार गांव अगिहार में किया गया।

### संविधान के लिए प्रतिबद्ध रहने की शपथ दिलाई

**महेंद्रगढ़।** गांव निंबी के आयुष आरोग्य मंदिर में संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान आयुष विभाग के चिकित्सकों ने ग्रामीणों को संविधान की शपथ दिलाई। डॉ. सुमन कुमारी ने बताया कि ये दिन महज एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी आजादी की असली पहचान का प्रतीक है। संविधान दिवस हमें याद दिलाता है कि यह वही दिन है। जब भारत ने औपनिवेशिक कानून की छाया से निकलकर अपना खुद का संविधान अपनाया था। इस दौरान ग्रामीणों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी और भारतीय संविधान के लिए प्रतिबद्ध रहने की शपथ ली। उन्होंने ग्रामीणों को भारत के संविधान की मूल संरचना, उद्देशिका, मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों एवं नागरिक दायित्वों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### अल्ट्रासाउंड से गर्भवती महिलाओं का होगा लाभ

**मंडी अटेली।** ग्रीवेंस कमेटी की सदस्य एडवोकेट बबली यादव ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का अटेली अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध करवाने पर धन्यवाद करते हुए बताया कि अटेली में आधुनिक अल्ट्रासाउंड से गर्भवती महिलाओं को सीधा इसका लाभ पहुंचेगा। अल्ट्रासाउंड सुविधा के शुरू होने से अटेली एवं आसपास के हजारों मरीजों को अब नारनौल, रेवाड़ी या अन्य शहरों में भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की तर्ज पर उनकी बेटी अब स्वास्थ्य के प्रति अनेक प्रकार के कार्य गरीबों के लिए विशेष तौर पर कर रही है।

### संविधान प्रस्तावना का किया सामूहिक वाचन

**नारनौल।** जिले में संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को जनभागीदारी के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरकारी कार्यालय तथा शैक्षणिक संस्थानों में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त उदय सिंह ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि इस विशेष दिवस पर संविधान में निहित मूल्यों और लोकाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए राष्ट्रव्यापी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज जिले में सामूहिक वाचन के साथ शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किए गए। उन्होंने सभी नागरिकों से भी आह्वान किया।

*शंकर मार्केट, बालाजी चौक, विश्वकर्मा चौक, सीएसडी कैंटीन, बस स्टैंड, राव राव तुलाराम चौक होते आंबेडकर चौक तक चला*

# नगर पालिका टीम ने शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, दुकानदारों के सामान कब्जे में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका प्रशासन ने फिर से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान पालिका कर्मचारियों ने रोड पर अतिक्रमण करके रखे हुए सामान को जब्त कर लिया। यह अभियान नगर पालिका कार्यालय से शुरू होकर शंकर मार्केट, बालाजी चौक, विश्वकर्मा चौक, सीएसडी कैंटीन, बस स्टैंड, राव राव तुलाराम चौक होते आईटीआई रोड आंबेडकर चौक से नगर पालिका कार्यालय में जाकर समाप्त हुआ। इसके साथ ही आगे से रोड पर अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान पालिका कर्मचारियों ने शहर के मेन बाजारों में रोड पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के सामान को उठाकर पालिका वाहनों में डाल लिया। पालिका की इस कार्रवाई को देखकर अन्य व्यापारियों ने पहले ही अपना रोड पर रखा सामान समेटकर दुकानों के अंदर कर लिया। दुकानदारों द्वारा रोड पर सामान होने के कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आमजन के साथ-साथ वाहन चालक भी बुरी तरह से परेशान है। इतना ही नहीं कुछ लोग द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के आगे रेहड़ियां लगवाकर उनसे किराया भी वसूलने की शिकायतें भी पालिका को मिल रही है। रेहड़ियां आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रही है। पालिका अधिकारियों के अनुसार शहर के मेन बाजारों में जाम की स्थिति से निपटने व शहर के सौंदर्यीकरण के लिए शहर को अतिक्रमण मुक्त आवश्यक है। इस कार्य में आमजन का सहयोग भी जरूरी है।



**महेंद्रगढ़।** शंकर मार्केट में अतिक्रमण हटवाते नगर पालिका कर्मचारी।

### सामान किया जब्त

नगर पालिका की ओर से जैसे हीं शंकर मार्केट से अभियान चलाया गया तो दुकानदारों में हडकंप मच गया। नपा कर्मचारी सबसे पहले शंकर मार्केट पहुंचे यहां रोड पर दुकानदारों ने दुकान के बाहर सामान लगाया हुआ था। कर्मचारियों ने रोड पर रखे मैज व साइन बोर्ड को अपने कब्जे लिया तथा चेतावनी दी कि अगर फिर से रोड पर सामान मिला तो ठोस कार्रवाई की जाएंगी। इसके बाद टीम बालाजी चौक, विश्वकर्मा चौक पर पहुंची तो दुकानदारों ने रोड पर मैज लगाकर सामान रखा हुआ मिला कर्मचारियों ने रोड पर सामान को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद टीम सीएसडी कैंटीन के पास पहुंची यहां पर भी कर्मचारियों ने रेहड़ी चालाकों को चेतावनी दी कि वह अपनी रेहड़ी निर्धारित जगह पर खड़ी करें।

### दुकानदारों की होगी जिम्मेदारी

सफाई दरोगा राजेंद्र व सुमित उर्फ रिंकू ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बाजार में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा जा रहा है। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका से शुरू होकर अंबेडकर चौक, सीएमसडी कैंटीन, यादव धर्मशाला, बस स्टैंड, राव तुलाराम चौक, आईटीआई रोड से आगे अतिक्रमण को हटवाया गया है। कुछ दुकानदारों ने अपना सामान खुद हटा लिया तो कुछ हटाने की बात कहते रहें। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी की भविष्य में पालिका द्वारा चलाए जाने वाले अभियान के दौरान यदि किसी भी व्यक्ति का सामान रोड पर मिलता है तो उसे पालिका उठवा लेगी जिसकी जिम्मेवारी स्वयं की होगी।

## एसडीएम को राष्ट्रपति व प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# मांगों को लेकर विभिन्न संगठनों ने लघु सचिवालय में किया प्रदर्शन

संगठन पदाधिकारियों ने किसान आंदोलन के शहीदों को पुष्प अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दिल्ली चलो आंदोलन की पांचवीं वर्षगांठ पर बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के प्रमुख घटक किसान संगठन ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन व ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के संयुक्त तत्वावधान में किसान व मजदूर चितवन वाटिका में एकत्रित हुए। इस अवसर संगठन पदाधिकारियों ने ऐतिहासिक किसान आंदोलन दिल्ली चलो के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर किसान संगठन एआईकेकेएमएस के जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह, श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह, श्रमिक संगठन इंटक के जिला प्रधान विपिन कुमार, रोडवेज यूनियन इंटक के जिला प्रधान हंसराज, डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर्स एसोसिएशन के राज्य सचिव मास्टर महेश यादव, संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक छाजूराम रावत मौजूद रहे।




**नारनौल।** एसडीएम अनिरुद्ध यादव को ज्ञापन सौंपते संगठन के सदस्य व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन


**नारनौल।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा व मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान जिला इकाई के सदस्यों ने बुधवार को अम्बेडकर स्टैच्यू से लेकर लघु सचिवालय केन्द्र सरकार की ओर से लागू किए गए मजदूर-विरोधी चार लेबर कोड के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और इन्हें रद्द करने की मांग को लेकर लघु सचिवालय पर धरना दिया। इन मजदूर विरोधी लेबर कोड्स व सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम अनिरुद्ध यादव के माध्यम से सौंपा। प्रदर्शनकारी मजदूरों को संबोधित करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के महासचिव सुभाषचंद्र एडवोकेट ने कहा कि देशभर के मजदूर संगठनों व ट्रेड यूनियनों के विरोध, चेतावनियों और अपीलों को नजरअंदाज करते हुए केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों के हित में बनाए गए चार श्रम संहिताओं को 21 नवंबर 2025 की अधिसूचना के माध्यम से लागू कर दिया है। यह कदम दशकों की लड़ाइयों से अर्जित श्रम अधिकारों को एक झटके में समाप्त कर करोड़ों मजदूरों के सामाजिक-आर्थिक अस्तित्व पर गंभीर हमला करता है।




### लेबर कोड्स की प्रतियां जलाई

इस अवसर पर श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड्स की प्रतियां जलाई। इसके बाद लघु सचिवालय पर पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपें। वहीं गोमला के ग्रामीण सफाई कर्मचारी को ड्यूटी पर लेने, ग्रामीण सफाई कर्मचारी कनीना ब्लाक के वेतन भुगतान के लिए ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा। सभा को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा देवी व जिला सचिव सन्तोष ढिल्लो, आशा कार्यकर्ता यूनियन की राज्य सचिव मधु देवी, मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन की सुशीला, भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के जिला प्रधान सीताराम व जिला सचिव महावीर प्रसाद गोद, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के जिला प्रधान पवन कुमार बाल्मीकि, दीपक कुमार, ग्रामीण चौकीदार संगठन के सुरेश कुमार, एजुसैट स्कूल चौकीदार के सुमेर सिंह, क्रैच वर्कर्स यूनियन की अनिता, बिजली उपभोक्ता मंच सिहमा के ब्लॉक प्रधान मास्टर बलवंत सिंह, मनरेगा मजदूर यूनियन के अभिमन्यू आदि मौजूद रहे।

# बीआर स्कूल में संविधान दिवस पर क्विज प्रतियोगिता



**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर स्कूल सेहलंग में भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता विद्यालय के चार सदन भारत, हिंदुस्तान, आर्यावर्त और इंडिया हाउस के बीच संपन्न हुई, जिसमें कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि चेयरमैन हरीश भारद्वाज व अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने की। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों से भारतीय संविधान से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे गए, जिनके उत्तर विद्यार्थियों ने अत्यंत सटीकता और आत्मविश्वास के साथ दिए। क्विज प्रतियोगिता में हिंदुस्तान हाउस विजेता घोषित हुआ। विजेता टीम में कक्षा छठी से सुप्रिया पुत्री प्रवीण, कक्षा सातवीं से आरव पुत्र हरीश और हर्षित पुत्र संदीप तथा कक्षा आठवीं से रक्षित पुत्र धर्मेंद्र शामिल रहे। अंत में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता विद्यार्थियों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं और उन्हें अपने अधिकारों व कर्तव्यों की गहरी समझ प्रदान करती हैं। बच्चों की सहभागिता और सटीक उत्तर उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करते हैं। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि भारतीय संविधान हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है। विद्यार्थियों को इसके मूल्यों, सिद्धांतों और महत्व को समझना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय भविष्य में भी ऐसे आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करता रहेगा।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सीएल स्कूल प्रथम





**नारनौल।** सीएल स्कूल के विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार व पुलिस प्रशासन की ओर से आयोजित सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा में सीएल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों रितिका पुत्री मनीष व पार्थ सिंघल पुत्र भुवनेश्वर कुमार ने कक्षा एक से पांवीं वर्ग में क्रमशः ब्लॉक स्तर पर प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा विद्यार्थी अंक्षाश पुत्र बाबूलाल ने कक्षा छठी से आठवीं वर्ग में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था, अभिभावकों व क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि विद्यालय के विद्यार्थियों ने दोनों कक्षा वर्गो में कुल क्रमशः 133 व 154 छात्रों से कड़ी प्रतिस्पर्धा कर प्राप्त की। इससे पूर्व यह सभी विद्यार्थी विद्यालय स्तर पर अपने वर्ग में प्रथम व द्वतीय स्थान पर रहते हुए ब्लॉक स्तर के लिए क्वालीफाई किया था। इन विजयी छात्रों को संस्था के प्रबंधक निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शादी में लिया मात्र एक रुपये और नारियल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर हुकम सिंह तंवर ने अपने पोते डॉ. कपिल तंवर की शादी मात्र एक रुपये और एक नारियल लेकर करके एक अनोखी मिसाइल कायम की। डॉ. कपिल तंवर के पिता प्रदीप तंवर ने बताया कि उनके लड़के की शादी 23 नवंबर को पीरागढ़ी नांगलोई दिल्ली निवासी डॉ. शिवानी शेखावत के साथ हुई। इस शादी में उन्होंने मात्र एक रुपये लेकर अपने बेटे की शादी की है, इससे पहले भी उन्होंने अपने बड़े बेटे डॉ. प्रशांत तंवर की शादी भी बिना दहेज के की थी। लड़के के दादा हुकुम



सिंह तंवर ने कहा कि इस प्रकार की शादियों से लड़की के पिता पर पड़ने वाले अनावश्यक बोझ से छुटकारा मिल जाते हैं, लड़की के पिता को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती, जिससे गरीब से गरीब व्यक्ति भी अपनी बेटी की शादी बड़ी धूमधाम से कर सकता है।

### नवीन कुमार व स्नेहा कुमारी की टीम प्रथम

**नांगल चौधरी।** श्रीराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संविधान दिवस पर विद्यार्थियों की डिबेट प्रतियोगिता प्राचार्य धर्मबीर दहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें संस्था के चेयरमैन एडवोकेट अनिल यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करने के बाद उन्हें संविधान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संविधान में समाहित कानून से राष्ट्र का विकास तथा जनता को न्याय मिलना संभव होता है। इसलिए प्रत्येक युवा को संविधान की विस्तृत जानकारी होनी अनिवार्य है। जागरूकता के लिए विद्यार्थियों की डिबेट प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें 40 विद्यार्थियों की 20 टीमें बनाई गई है।

### सूरज स्कूल में शपथ लेकर मनाया संविधान दिवस

**महेंद्रगढ़।** सूरज स्कूल में संवैधानिक मूल्यों के प्रति विद्यार्थियों में सम्मान की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से संविधान दिवस मनाया गया। 26 नवंबर 1949 के दिन ही भारत की संविधान सभा में औपचारिक रूप से भारत के संविधान को अपनाया था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान के महत्व को दर्शाने वाले वक्तव्य प्रस्तुत किए और बताया कि संविधान की प्रस्तावना उसके मार्गदर्शक सिद्धांतों और मूल मूल्यों को रेखांकित करती है। यह भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करती है और अपने सभी नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुत्व सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सूरज स्कूल निदेशक संदीप प्रसाद ने कहा कि ये दिन महज एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी आजादी की असली पहचान का प्रतीक है। संविधान दिवस हमें याद दिलाता है कि यह वही



**महेंद्रगढ़।** शपथ लेते सूरज कूल के विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## महिला आयोग हरियाणा अध्यक्ष रेनु भाटिया होंगी मुख्य वक्ता

# सहकार भारती का महिला सहकार सम्मेलन कल

*सहकार भारती की जिला कार्यसमिति की बैठक लोक निर्माण विश्राम गृह में सम्पन्न*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सहकार भारती की जिला कार्यसमिति की बैठक लोक निर्माण विश्राम गृह में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से सहकार भारती के प्रांत सम्पर्क सचिन महायच, जिला अध्यक्ष पारस शर्मा व जिला महामंत्री डॉ. अरविंद यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। सचिन महायच ने कहा कि जिले के प्रत्येक गांव तक सहकार भारती से कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाएगा। ब्लॉक स्तर पर योग्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां दी जाएगी, जो संगठन के विचार को गांव स्तर तक लेकर जाएंगे। जिला अध्यक्ष पारस शर्मा ने कहा कि 28 नवंबर को सुबह 10 बजे राजकीय महिला महाविद्यालय में सरकार भारती जिला महेंद्रगढ़ की ओर से महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यातिथि सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक कवर सिंह यादव करेंगे, जबकि मुख्य वक्ता राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनु भाटिया एवं सहकार भारती के प्रांत महामंत्री डॉ. सौरभ भीष्म मुख्यवक्ता होंगे।



**महेंद्रगढ़।** रेस्ट हाउस में बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सम्मानित किया जाएगा

जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी तय की गई है। जिला महामंत्री अरविंद यादव ने कहा कि महिला हमारे देश की आधी आबादी है, जिनका देश के विकास में अहम योगदान है। पुरुष एवं नारी एक सिक्के के दो पहलू है। दोनों के साथ से ही जीवन रूपी गाड़ी आगे बढ़ती है। सहकार भारती महिलाओं के सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में जिले में महिला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा, जिसमें उनको अधिकारों व सशक्तिकरण के विषय में जागरूक किया जाएगा और इसमें जिले में काम करने वाले स्वयं सहायता समूहों को भी सम्मलित किया जायगा।

# सूरज स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सूरज स्कूल में छात्रों के लिए वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हमारे डायरेक्टर संदीप प्रसाद ने की। उन्होंने रंग-बिरंगे गुब्बारे तथा एक सफेद कबूतर उड़ाकर शांति, एकता और नई ऊर्जा की प्रतीकात्मकता को अभिव्यक्त किया। विद्यार्थियों ने जोश और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, लेमन रेस, फ्रॉग रेस, कबड्डी, खो-खो तथा रस्साकस्सी जैसे रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना का अद्भुत परिचय दिया। विजेताओं को आगामी समारोह में सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय प्रधानाचार्या ने कहा कि आज के खेल आयोजन में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन और सच्ची खेल भावना का परिचय दिया। विजेताओं को बधाई और सभी प्रतिभागियों को इसी उमंग तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने कहा कि स्पोर्ट्स मीट विद्यार्थियों की प्रतिबद्धता, उत्साह और टीम भावना का सुंदर उदाहरण है।



**नारनौल।** हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए।

**खबर संक्षेप**

### जिला स्तरीय वालीबॉल टूर्नामेंट 29 को

**रेवाड़ी।** जिला वालीबॉल संघ की बैठक बुधवार को जिला कार्यालय में आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि आगामी 6 से 8 दिसंबर तक सोनीपत में होने वाली 45वीं सीनियर स्टेट वालीबॉल चैंपियनशिप को लेकर 29 नवंबर को जिला स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इसी दौरान जिला स्तरीय टीम का चयन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला वालीबॉल संघ वालीबॉल को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर खेल स्पर्धाओं का आयोजन करता रहा है। शनिवार को जिला स्तरीय वालीबॉल टूर्नामेंट में जिला स्तरीय टीम का चयन किया जाएगा। जो प्रदेश स्तरीय टूर्नामेंट में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। जिला स्तरीय टूर्नामेंट दिल्ली रोड़ स्थित राव तुलाराम स्टेडियम में 29 नवंबर को सुबह 9 बजे आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर संघ के उपप्रधान निशांत यादव, सैक्रेटरी युधिष्ठिर यादव, कोषाध्यक्ष गौरव देशवाल, सदस्य जगदीश, प्रेम, गौरव यादव व अरविंद सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

- इसी दौरान जिला स्तरीय टीम का चयन भी किया जाएगा
- वालीबॉल संघ समय समय पर खेल स्पर्धाओं का आयोजन करता रहा है

### बड़ी संख्या में कालूवास के पुरुष और महिलाएं बैठी सड़क पर

# हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम, सर्कल बनाने की मांग को लेकर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

नारनौल रोड से झज्जर रोड को जोड़ने वाले आउटर बाईपास के कालूवास चौक पर सड़क हादसे में घायल हुए बाइक सवार युवक की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने बुधवार सुबह बाईपास रोड जाम कर दिया। गांव के पास रोड पर सर्कल बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने घंटों सड़क पर जाम लगाए रखा। मौके पर पहुंचने अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण जाम खोलने को तैयार हुए। इस दौरान बाईपास के दोनों से पुलिस को ट्रैफिक डायवर्ट कराना पड़ा। जाम लगाने के बाद शहर में भी यातायात का दबाव बढ़ गया। करीब तीन घंटे तक बाईपास का आवागमन बंद रहा। हरिनगर के पास से आउटर बाईपास सीधे झज्जर रोड को जोड़ता है। इस बाईपास के शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में नारनौल-महेंद्रगढ़ और झज्जर-रोहतक के बीच आवागमन करने वाले वाहन बिना शहर में प्रवेश किए निकल जाते हैं। बाईपास निर्माण के बाद वाहन चालकों को शहर के जाम से निजात मिल गई है। इससे शहर से भी वाहनों का दबाव काफी कम हुआ है। इस बाईपास पर कई फ्लाईओवर बने हुए हैं। दो फ्लाईओवर कालूवास के नीचे उतर रहे हैं, जहां एक तरह से गांव का चौक बना हुआ है। इस जगह पर दो स्पीड ब्रेकर बनाए हुए हैं। कुछ दिन पहले गांव का 37 वर्षीय बाइक सवार युवक वरुण ब्रेकर से कूदी कार की चपेट में आकर घायल हो गया था। उसे गंभीरावस्था में शहर के एक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से परिजन उसे गुरूग्राम ले गए। मंगलवार की शाम को वरुण की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत का समाचार सुनते ही ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ गया।

- नारनौल रोड से झज्जर रोड को जोड़ने वाला बाईपास रहा बंद




रेवाड़ी। सड़क पर बैठक जाम लगा रहे ग्रामीण तथा ग्रामीणें को समझाते हुए डीएसपी पवन कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### बड़ी संख्या में जाम लगाने पहुंचे ग्रामीण

बुधवार सुबह कालूवास के ग्रामीण बड़ी संख्या में बाईपास रोड पर पहुंच गए। इनमें ग्रामीण महिलाओं की उपस्थिति भी काफी ज्यादा थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व में हुए हादसों के बाद प्रशासन से लगातार इस स्थान पर सर्कल बनाए जाने की मांग की जा रही है, ताकि हादसों में लोगों की जान नहीं जाए। इसके बावजूद ग्रामीणों की मांग को अनदेखा किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, परंतु ग्रामीण प्रशासनिक व संबंधित अधिकारियों को बुलाने की जिद पर अड़े रहे।

#### सरकार को भेजा जाएगा सर्कल का प्रस्ताव

डीएसपी की सूचना के बाद सीटीएम जितेंद्र कुमार प्रशासनिक अधिकारी के रूप में ग्रामीणों के बीच पहुंचे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन को भी मौके पर बुला लिया। एक्सईएन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि तीन दिन में बड़े ब्रेकरों का निर्माण कराया जाएगा। एक सप्ताह के अंदर चौक पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, ताकि हादसे के बाद फरार होने वाले वाहन का पता लग सके। उन्होंने कहा कि सर्कल बनाने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलते ही सर्कल का निर्माण कराया जाएगा। इसके बाद ग्रामीण जाम खोलने को तैयार हो गए।

#### वाहन चालकों को करना पड़ा परेशानी का सामना

प्रमुख बाईपास पर जाम लगने के बाद नारनौल, महेंद्रगढ़ और झज्जर, रेवाड़ी के बीच आवागमन करने वाले वाहनों के चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने जाम के बाद झज्जर रोड और जैसलमेर नेशनल हाइवे से ही वाहनों को डायवर्ट कराना शुरू कर दिया। इससे बड़ी संख्या में वाहन शहर के सरकुलर रोड से होते हुए निकलने लगे। सरकुलर रोड पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ गया, जिस कारण नाईवाली चौक से लेकर झज्जर चौक तक जाम जैसे हालात बने रहे। ट्रैफिक पुलिस को जाम खुलवाने के लिए कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के जाम खोलने के बाद राहत मिली।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज लिसाना में बुधवार को लघु एवं सूक्ष्म उद्योग इकाई केंद्र की ओर से उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एमएसएमई विभाग, बैंकिंग तथा पीएफ विभाग के अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं और पीएफ संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर एमएसएमई डीएफओ करनाल के सहायक निदेशक केसी मीणा ने विद्यार्थियों को एमएसएमई योजनाओं, उद्यम स्थापित करने के अवसरों तथा सरकारी सहायता तंत्र के बारे में जानकारी दी। अग्रणी जिला प्रबंधक राजीव रंजन ने बैंकिंग दृष्टिकोण से जानकारी साझा की तथा ऋण अनुमोदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, एमएसएई लोन प्रक्रियाएं एवं बैंकों की भूमिका के बारे में अवगत कराया। पीएफ विभाग गुरुग्राम के अभिलाष ने पीएफ से संबंधित प्रावधानों, पंजीकरण प्रक्रिया तथा कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं के दायित्वों पर जानकारी दी। एमएसएमई केंद्र रेवाड़ी के औद्योगिक प्रसार अधिकारी करण सिंह पीएमएफएमई योजना, पीएमईजीपी योजना तथा हरियाणा सरकार की लघु एवं सूक्ष्म उद्योग योजनाओं के बारे में जानकारी दी। ये योजनाएं युवाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप तथा सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने में मदद करती हैं। यह कार्यक्रम युवाओं में उद्यमिता, स्टार्टअप संस्कृति, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। विद्यार्थियों ने लघु एवं सूक्ष्म उद्योग, बैंकिंग प्रक्रियाओं एवं पीएफ से जुड़े प्रश्न भी पूछे। सभी अधिकारियों ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब देते हुए उन्हें उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

- ये योजनाएं युवाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप तथा सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने में मदद करती हैं

# सड़कों पर सफेद, पीली पट्टियां, साइन बोर्ड व मार्किंग का कार्य दुरुस्त करें विभाग: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि सर्दी के मौसम को देखते हुए सभी विभाग जिले की सभी सड़कों एवं राजमार्गों पर सफेद, पीली पट्टियां, साइन बोर्ड व मार्किंग का कार्य दुरुस्त करें। बीएंडआर, एनएचएआई, एनएच, एचएसआईडीसी, नगर परिषद सहित सभी विभाग अपनी-अपनी सड़कों को वाहन चालकों के लिए सुगम तथा सुविधाजनक बनाने के लिए मुस्तैदी से काम करें। डीसी बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि हांसाका रोड पर जर्सी बैरियर कटों को बंद किया जाए, जिससे कि सभी वाहन एक लेन में रहें। इस रोड पर प्लास्टिक के लगाए गए गति अवरोधक क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर जाने वाली रोड पर गांव साल्हावास के समीप सड़क को ठीक किया जाए, यहां दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, आरटीए सचिव एवं एसडीएम सुरेश कुमार, बावल के एसडीएम मनोज कुमार, डीएसपी डा. रविंद्र सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी एचपी बंसल, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सतेंद्र श्योराण आदि मौजूद रहे।






## कैंप में बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए फास्ट फूड न खाने की दी सलाह

**कोसली।** सत्य भारती स्कूल कोहारड़ में संविधान दिवस पर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चिकित्सकों और स्कूल स्टाफ ने डा. भीमराव अंबेडकर को पुष्प अर्पित करके किया। शिविर में विद्यार्थियों की हाईट, वजन, दांतों, नाखूनों व आंखों की जांच की गई। डॉक्टरों की टीम ने बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए फास्ट फूड न खाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए शारीरिक स्वच्छता, योग करना, हरी व पत्तेदार सब्जियां और फल खाना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर डा. दीपक, डा. योगेश, डा. कोमल, डा. नवदीप यादव, अजय दहिया, एसएमसी सदस्य नरेंद्र यादव, ज्योति, जगदीश प्रसाद, संस्था के जिला समन्वयक रामकिशोर यादव, सुरेश कुमार, मुख्याध्यापक महेश कुमार, ललित कुमार, अबिता, अनीता व सरिता उपस्थित थे।

# विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को एकता के सूत्र में बांधने वाला हमारा संविधान: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को लघु सचिवालय परिसर में एडीसी राहुल मोदी ने संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार, नगराधीश जितेंद्र कुमार सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। एडीसी मोदी ने कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को एकता के सूत्र में बांधने वाला हमारा संविधान विस्तृत, विराट और अपने आप में अनोखा है। उन्होंने कहा कि संविधान के महत्व का अनुमान हम इस बात से भी लगा सकते हैं कि देश के सर्वोच्च पद, चाहे विधायिका में हो, कार्यपालिका में अथवा न्यायपालिका में सभी संविधान की ओर से प्रदत्त शक्तियों एवं दायित्वों के अनुसार ही कार्य करते हैं। उन्होंने संविधान दिवस के अवसर पर युवा पीढ़ी को देश को सच्चे नागरिक के रूप में संवैधानिक मूल्यों को अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने भारत के संविधान की प्रस्तावना तथा भारत के संविधान में उल्लेखित मूल कर्तव्यों को पढ़ा।



रेवाड़ी। सचिवालय में संविधान की शपथ लेते कर्मचारी।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु : रामपाल

**रेवाड़ी।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने बुधवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व गवर्नमेंट स्कूल गांव कोलाना, कैमब्रिज स्कूल चीताडूंगरा व राठ इंटरनेशनल स्कूल कुंड में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। सभी विद्यार्थी देश का भविष्य है तथा पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाकर नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहे। पुलिस टीम ने कहा कि नशा शरीर ही नहीं, बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। उन्होंने युवाओं से नशा मुक्त अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर विद्यार्थियों को साइबर अपराध के खतरों से बचने के टिप्स दिए गए तथा यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। निरीक्षक रामपाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति हो तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो इसकी सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष का. सत्यवान ने कहा बीजेपी गठबंधन की केंद्र सरकार ने घोर मजदूर विरोधी चार लेबर कोड्स को लागू करने का ऐलान कर दिया**

# श्रम संहिता लागू करने के विरोध में प्रदर्शन, सीटू ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

सयुंक्त किसान मोर्चा व केंद्रीय ट्रेड यूनियन आल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेन्टर की ओर से संयुक्त रुप से मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को लागू करने के खिलाफ व किसानों की समस्याओं को लेकर बुधवार लघु सचिवालय पर जोरदार प्रदर्शन करके उपायुक्त की मार्फत प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सरकार के नाम ज्ञापन सौंपे। संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता राजीव चौक पर इकट्ठा हुए और प्रदर्शन करते हुए सचिवालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारे लगाते हुए विरोध एवं विक्षोभ व्यक्त किया। डीडीपीओ एचपी बंसल को ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए सयुंक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय कोर्डिनेशन कमेटी के सदस्य व आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का. सत्यवान ने कहा कि बीजेपी गठबंधन की केंद्र सरकार ने घोर मजदूर विरोधी चार लेबर कोड्स को लागू करने का ऐलान कर दिया है इन्हें तुरंत वापस लेकर रद्द किया जाए। किसानों को नकली खाद बेचा जा रहा है जिसकी जाचं होनी चाहिए और दोषियों को कठोर सजा दी जाए। सरकार किसानों की जमीन तो अधिग्रहण करती है परन्तु किसानों को कोई राहत नहीं देती। उन्होंने किसानों मजदूरों से एकजुट होकर आन्दोलन करने का आह्वान किया।

- उपायुक्त की मार्फत प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा







रेवाड़ी। डीडीपीओ को ज्ञापन देते व शहर में प्रदर्शन करते संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### प्रदर्शन करने वालों में यह रहे शामिल

प्रर्दशन मे किसान नेता विजय कुमार जैनाबाद, अमर सिंह राजपुरा, बिरेन्द्र फौजी, हनुमंत पिलानी रामगढ, भागमल, सतीश उर्फ बोबी, प्रदीप जैतपुर, शीशपाल मीरपुर, संतोष , भारती, राजबाला, मीना धारुहेड़ा, निर्मला, अंजू देवी, आदि सैकड़ों किसानों मजदूरों व महिलाओं ने भाग लिया।



रेवाड़ी। महालेखाकार कार्यालय का फाइल फोटो।

## धारूहेड़ा में खुलेगा खजाना कार्यालय सीएम के आदेश पर जारी हुआ पत्र

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा में खजाना कार्यालय नहीं होने के कारण परेशानी का सामना कर रहे लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। सीएम नायब सिंह ने खजाना कार्यालय खोलने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान कर दी है। इसके बाद महानिदेशक खजाना एवं लेखा विभाग की ओर से जिला कोषाधीकारी को धारूहेड़ा में खजाना कार्यालय खोलने के पत्र प्रेषित किया है। कस्बे के लोगों को ट्रेजरी से संबंधित कार्यों के लिए जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती है। स्टांप खरीदन से लेकर पेंशन संबंधी कार्यों के लिए लोगों को जिला मुख्यालय आना पड़ता है। लोग काफी समय से धारूहेड़ा में ही खजाना कार्यालय खोलने की मांग कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव के समक्ष भी लोगों ने इसकी मांग की थी। आरती राव ने सीएम को लोगों की मांग से अवगत कराया था। इसके बाद धारूहेड़ा में खजाना कार्यालय खोलने के प्रस्ताव पर सीएम नायब सिंह सैनी ने स्वीकृति प्रदान कर दी।

**कोषाधीकारी को भेजा गया पत्र :** महानिदेशक खजाना एव लेखा विभाग की ओर से कोषाधीकारी को पत्र क्रमांक टीए-हर(7टी) 2025/285 के माध्यम से बताया गया है कि सीएम की ओर से धारूहेड़ा में खजाना कार्यालय खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। पत्र में बताया गया है कि एसबीआई की धारूहेड़ा शाखा को सरकारी संचालन के लिए अधिकृत व्यापार करने का अनुरोध किया गया है। सरकारी अनुसार के अनुसार यहां स्वीकृत पदों पर तैनाती की जानी है। फर्नीचर और बुनियादी ढांचे के बारे में भी लिखा गया है।

### संविधान दिवस के अवसर पर जिले भर में कार्यक्रमों की रही धूम, हमारा संविधान कठोर के साथ-साथ लचीला भी

# भारत का संविधान देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने का करता है काम : डा. बलियाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को कुतुबपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डा. रविंद्र बलियाला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि हरियाणा सफाई आयोग के चेयरमैन इंजी. कृष्ण कुमार थे। आयोग के चेयरमैन डा. बलियाला ने संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इससे पहले हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डा. रविंद्र ने लोक निर्माण विश्राम गृह में लोगों की शिकायतें सुनकर उनका निवारण कराया।

कार्यक्रम में आयोग के चेयरमैन डा. रविंद्र बलियाला ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। यह हम सब देशवासियों के लिए गर्व की बात है। डा. भीमराव अंबेडकर ने देश के संविधान को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमारा संविधान विभिन्न जाति धर्मों के देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने का काम करता है। हमारे संविधान के आधार पर ही देश का कानून चलता है। इसके अलावा राज्यसभा, लोकसभा सहित सर्वोच्च न्यायालय तक संविधान के आधार पर ही चलते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 26 नवंबर को पूरे देश में संविधान दिवस मनाने का संकल्प लिया है, जिसके परिणाम स्वरूप सभी लोग संविधान दिवस को हर साल मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान कठोर के साथ-साथ लचीला भी है। संविधान को बदला नहीं जा सकता है। संविधान में केवल संशोधन ही किया जा सकता है। संविधान में देश के सभी नागरिकों को बराबर के अधिकार दिए हैं। संविधान में निहित मौलिक अधिकार आमजन के अधिकारों की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें संविधान में दिए गए कर्तव्यों का भी पालन करना अनिवार्य है।

इस मौके पर हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी. कृष्ण कुमार ने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है। संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर ने देश के सभी जाति, धर्मों, युवाओं और महिलाओं के हितों को ध्यान में रखकर संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर के दिखाए गए मार्ग पर चलकर देश के विकास में अपना पूर्ण सहयोग दें। भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने कहा कि हमारा संविधान देश की आत्मा है। जो देश के सभी नागरिकों को बराबर के अधिकार देता है। वहीं अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य भी दिए गए है। इन कर्तव्यों का सभी नागरिकों का पालन करना चाहिए।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते डा. रविन्द्र बलियाला। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार, भाजपा युवा नेता निशांत यादव, जिला भाजपा महामंत्री कुलदीप चौहान, उपाध्यक्ष प्रवीन शर्मा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष विनीता पीपल, एससी मोर्चा के अध्यक्ष रोहताश, कार्यक्रम के आयोजक भगवानदास रंगा, चौधरी शीशपाल, प्रजापत समाज के प्रधान संजय प्रजापत, रामनिवास, मुकेश रंगाा, दीपेंद्र राव और जितेंद्र गुगलिया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## पुलिस जवानों ने ली कर्तव्य व सत्यनिष्ठा की शपथ

**रेवाड़ी।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक हेमेन्द्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन व डीएसपी डा. रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस की ओर से संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित जिले सभी थाना, चौकियों व पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ ली। पुलिस कर्मचरियों ने संकल्प लिया कि वे संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों का पालन करते हुए देश और समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। एसपी कार्यालय में निरीक्षक सुनीता ने पुलिस कर्मचरियों को संविधान के प्रति अपनी सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई तथा 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा की ओर से भारतीय संविधान को अंगीकार करने के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिवस हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूलभूत सिद्धांतों को याद दिलाता है, जिन पर हमारा राष्ट्र आधारित है। इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि पुलिसकर्मी के रूप में हमारा प्राथमिक कर्तव्य कानून के शासन को बनाए रखना और संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदत्त मौलिक अधिकारों की रक्षा करना है।





## शिक्षकों व विद्यार्थियों ने ली शपथ

**जाटूसना।** भारतीय संविधान दिवस पर बुधवार को कृष्णा आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल बहोतवास भौंदू में कक्षा 11वीं की छात्रा पायल ने अध्यापकों व विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए भारत की संपूर्ण प्रभुता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता व लोकतंत्र गणराज्य की गरिमा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस मौके पर स्कूल के संरक्षक रविंद्र आशावादी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय और अधिकारिकता मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को संविधान दिवस मनाने की अधिसूचना जारी की थी। संविधान एक देश या संस्था को नियंत्रण करने का एक बुनियादी संग्रह है। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य रंजीत सिंह, नरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, पवन कुमार, राजबीर, ओमदत्त, अनिल कुमार, सचिन, मनीषा, सुमन, प्रीतम, संगीता, सुनीता रानी, सुशीला, पूजा व सीमा मौजूद थे।